प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में दो दिन करेंगे प्रवास


# मोदी आज काशी को देंगे 20 हजार करोड़ की परियोजनाएं

## तैयारी

वाराणसी, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय प्रवास पर रविवार दोपहर बाद लगभग तीन बजे काशी पहुंच रहे हैं। वह काशी और पूर्वांचल के लिए 19 हजार करोड़ से अधिक की 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। कन्याकुमारी से बनारस तक की काशी-तमिल एक्सप्रेस और बनारस से नई दिल्ली वंदेभारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। नमो घाट पर 15 दिवसीय काशी-तमिल संगमम-2.0 का शुभारम्भ करेंगे।

प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों से उनके जीवन में आए बदलाव को की कहानी उन्हीं जुबानी सुनेंगे। वह उमरहां में स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन करने के बाद सेवापुरी के बरकी में जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी काशी में लगभग 25 घंटे गुजारेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अगवानी करेंगे।

मंडलायुक्त कौशल राजशर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने 43वें दौरे पर 17 दिसंबर को अपराह्न लगभग तीन बजे सूरत से बाबतपुर एयरपोर्ट आएंगे। वह सड़क मार्ग से साढ़े तीन बजे नदेसर छोटा कटिंग मेमोरियल मैदान पहुंचेंगे और वहां आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भाग लेंगे।



**25** घंटे इस बार अपने संसदीय क्षेत्र में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**43** वीं बार आगमन होगा पीएम मोदी का यह वाराणसी में

## लोकार्पण-शिलान्यास

- 37 प्रोजेक्ट का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास
- वंदेभारत एक्सप्रेस को कैंट स्टेशन से वर्चुअल रवाना करेंगे
- संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से सुनेंगे उनकी कहानी

## मऊ को देंगे नयी रेल

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के प्रयासों से मऊ सहित पूर्वांचल के विकास को केंद्र सरकार ने एक और तोहफा दिया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्री शर्मा के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मऊ से दोहरीघाट तक के लिये एक छह दिवसीय ट्रेन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री 18 दिसम्बर को इस ट्रेन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी नए भारत के शिल्पकार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के शिल्पकार हैं। काशी में 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि बाबा श्री विश्वनाथ की पावन नगरी में अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी को अनेक परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

## पीएसी के स्थापना दिवस पर संबोधन करेंगे सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पीएसी के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह सुबह नौ बजे से 35वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित किया गया है।

## 1971 की विजय को मनुष्यता की विजय बताया

लखनऊ। मुख्यमंत्रीने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वर्ष 1971 की विजय को मनुष्यता की विजय बताया है। लिखा, माँ भारती के अमर सपूतों को शत-शत नमन!